हिन्दुस्तान

1936

सोमवार

15 दिसंबर 2025, पौष कृष्ण पक्ष, एकादशी, विक्रम संवत् 2082, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का


PAGE NO 7 : MIDDLE

# उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच अंडर-19 मुकाबला कल से

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। बीसीसीआई की कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 का चार दिवसीय क्रिकेट मुकाबला मंगलवार से एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इसमें उत्तर प्रदेश और बंगाल की टीमें आमने-सामने होंगी। रविवार को दोनों टीमें मैदान पर प्रेक्टिस में जुटी रहीं।

▪ एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में तीसरी बार होगा कूच बिहार ट्रॉफी का मैच

बरेली के एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड को तीसरी बार बीसीसीआई ने कूच बिहार ट्रॉफी के मैच की मेजबानी दी है। वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश और नगालैंड के बीच पहला मैच यहां खेला गया था, जबकि 2024 नवंबर में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में दूसरा मुकाबला हो चुका है। अब 16 से 19 दिसंबर तक तीसरा बार कूच बिहार अंडर-19 ट्रॉफी का मैच यहां खेला जाएगा।

यूपी की टीम तीसरी बार यहां अपना मैच खेलेगी। क्रिकेट विशेषज्ञों के मुताबिक एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड की पिच तेज गेंदबाजों की मददगार होने की बात कही जा रही है। रविवार को उत्तर प्रदेश व बंगाल दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने मैदान में प्रेक्टिस करते हुए पसीना बहाया। दोनों ही टीमों ने मुकाबले के लिए रणनीति तैयार की।